SHRI GULABRAO ESHWARA KHANDVE EDUCATIONAL FOUNDATION

# JAGADGURU INTERNATIONAL SCHOOL, LOHEGAON, PUNE

**TERM - 1 EXAM (2024-2025)**

**Grade – III** **Time: - 3 Hours**
**Subject: - Hindi** **M. Marks: - 80**
**Date: - 19/09/2024** **Roll No. _____**

निर्देशः 1 इस प्रश्न पत्र के चार खण्ड हैं क, ख, ग, घ।
2 चारों खण्डों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
3 यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमशः दीजिए।

## खण्ड 'क' (पठन)

**प्रश्न.1) नीचे दिए गए गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखिए।** (7)

सीमा को चित्र बनाने का बहुत शौक था। स्कूल की चित्रकला प्रतियोगिता में वह हमेशा प्रथम आती थी। आज उसे जो माँ ने दिया था गणित का बहुत काम पूरा करना था, लेकिन उसने गणित की कॉपी उठाकर अलग रख दी और एक कागज़ पर रंगों से चित्र बनाने लगी। पहले उसने एक सुंदर सी चिड़िया बनाई और फिर एक रंग बिरंगे फूल। देखते-देखते शाम हो गई। माँ जैसे ही ऑफिस से आई सीमा ने कमरे को ठीक-ठाक किया और जल्दी-जल्दी सारी चीज़ें समेट कर रख दी। माँ ने आते ही पूछा, "आज का काम पूरा हो गया?" सीमा से जवाब देते न बना। वह अपने बनाए हुए चित्र छुपाने की कोशिश कर रही थी। तभी माँ ने उन चित्रों देखते हुए कहा-" इतने सुंदर चित्र तो मैं भी नहीं बना पाती हूँ।" सीमा माँ से लिपटकर मुस्कुराने लगी।

i) माँ ने सीमा को क्या काम करने के लिए कहा था?
ii) सीमा क्या छुपाने की कोशिश कर रही थी?
iii) चित्रों को देखकर माँ ने क्या कहा?
iv) सीमा को क्या बनाने का बहुत शौक था?
v) सीमा ने पहले किसका चित्र बनाया?
vi) '<u>कोशिश</u>' इस शब्द का अपने वाक्य में प्रयोग करें।
vii) ऊपर दिए गए गद्यांश के लिए उचित शीर्षक दीजिए।

**प्रश्न.2) नीचे दिए गए पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखिए।** (7)

सबका यह का कहना पेड़ धरती का गहना है।
पेड़ों से होती वर्षा पेड़ों से मिलती छाया
पेड़ों से होती हवा शुद्ध पेड़ों से खिलता जीवन
पेड़ों से मुस्काती धरती और अंबर
पेड़ों को बचाकर आओ बचाए खुद को
पेड़ों को लगाकर आओ सजाए धरती को
पेड़ ईश्वर का वरदान जिसके बिना अधूरा यह संसार
पेड़ इस धरती की शान और जीवन की मुस्कान है।

i) पेड़ों को बचाकर हम किसको बचाएँगे?

ii) धरती और अंबर किसके कारण मुस्काते हैं?

iii) 'पेड़ धरती का गहना है' यह किसका कहना है ?

iv) हवा को शुद्ध कौन करता है? (सही विकल्प को छाँटकर लिखिए।)

**1** पेड़ **2** सूरज **3** पानी

v) **'<u>मुस्कान</u>'** इस शब्द का प्रयोग अपने वाक्य करें।

vi) हम धरती को कैसे सजाएँगे?

vii) ऊपर दिए गए पद्यांश के लिए उचित शीर्षक दीजिए।

**प्रश्न 3) नीचे दी गई कहानी की पंक्तियों को पढ़कर सही क्रम में लगाइए।** **(6)**

i) समीर और रोहित अपने साथियों के साथ रात-भर टूटे हुए पुल के दोनों ओर रूककर आने-जाने वाले सभी लोगों को आगाह करते रहे, जिससे कई लोगों की जान बच गई।

ii) अधिक बारिश होने के कारण अचानक शाम को गाँव को शहर से जोड़ने वाला पुराना पुल टूट गया था।

iii) रात हो चली थी, गाँव में बिजली भी नहीं थी, टूटे हुए पुल की ख़बर सुनकर समीर और रोहित को आगे होने वाली दुर्घटनाओं का आभास हो गया।

iv) एक बार की बात है एक गाँव में दो-तीन दिनों से लगातार बारिश हो रही थी।

v) सच ही तो है, मुसीबत के समय काम आनेवाले ही सच्चे दोस्त कहलाते हैं।

vi) उन दोनों ने अपने सभी साथियों को हकीकत बताई। सबने मिलकर विचार-विमर्श करके एक उपाय खोज निकाला।

## खण्ड 'ख' (व्याकरण)

**प्रश्न.4)**

क) **नीचे दिए गए शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए। (कोई दो)** **(2)**

i) पानी ii) स्वतंत्र

iii) घर iv) हवा

ख) नीचे दिए गए शब्दों के **विलोम शब्द** लिखिए। **(2)**

i) नया ×

ii) दिन ×

ग) **नीचे दिए गए अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए। (वाक्यांश)** **(2)**

i) शहर में रहनेवाला –

ii) जिसके मन में दया हो –

घ) **नीचे दिए गए शब्दों के वचन बदलिए।** **(2)**

i) कपड़ा–

ii) टहनी–

ङ) **नीचे दिए गए शब्दों के लिंग बदलिए।** **(2)**

i) लड़का–

ii) लेखक–

च) **नीचे दिए गए वाक्यों में उचित सर्वनाम शब्द के साथ रिक्त स्थानों की पूर्ति करें।** **(2)**

i) .............. इस बैग को कहाँ रखूँ? (मैं/तुम)

ii) सीमा ने ................. आज ही खीर बनाई थी। (मेरे लिए/मुझको)

**छ) नीचे दिए गए वाक्यों में से विशेषण शब्द छाँटकर लिखिए।** **(2)**

i) रोहित ने टेबल पर सुंदर फूल रखे हैं।

ii) कुछ लोग मैदान में खड़े हैं।

**ज) नीचे दिए गए वाक्यों में उचित स्थान पर विराम चिह्न लगाकर वाक्य दोबारा लिखिए।** **(2)**

i) रोहन पेड़ को काटने की कोशिश क्यों कर रहा है

ii) तुम कहाँ रहते हो

**झ) नीचे दिए गए वाक्यों में उचित शब्द का प्रयोग करके वाक्य पूरा करें। ( कि / की )** **(2)**

i) पुस्तक ........... जिल्द फट गई।

ii) अनिता जानती थी ........... उसे कहानी पढ़नी है।

**ञ) नीचे दिए गए वाक्यों में उचित शब्द का प्रयोग करके वाक्य पूरा करें। ( में / मैं )** **(2)**

i) बच्चों ........... होड़ लग गई।

ii) ........... इसी योग्यता की परीक्षा लेना चाहता था।

## खण्ड 'ग' (साहित्य)

**प्रश्न.5) नीचे दिए गए में से <u>किन्हीं पाँच</u> प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखिए।** **(10)**

i) वसंत के आने पर प्रकृति में क्या बदलाव आते हैं?

ii) पापा दूसरे लड़कों के साथ क्यों खेला करते थे?

iii) झंडा किसका प्रतीक है?

iv) बच्चे की अकेली जान को क्या परेशानी है?

v) स्वामी ने दास को पुरस्कार क्यों दिया?

vi) नदियों को बचाने के लिए हमें क्या करना चाहिए? कोई दो उपाय लिखिए।

vii) गाँव में अमन और अंतरा को क्या-क्या गोल दिखाई दिया?

**प्रश्न.6) नीचे दिए गए वाक्यों में उचित शब्द का प्रयोग करते हुए रिक्त स्थानों की पूर्ति करें।** **(3)**

i) ओलंपिक खेलों के झंडों पर बने छल्ले पाँच महाद्वीपों के .................... हैं।

ii) गोले में अमन ................. के फूल लगाएगा।

iii) लेकर सुगंध बह रही .................<br>हरियाली छाई है वन-वन।

**प्रश्न.7) नीचे दिए गए वाक्य किसने किससे कहें हैं लिखिए।** **(3)**

i) मेरी गेंद कभी नहीं फटेगी।

ii) क्या तुम्हें अपनी पसंद से बोझ चुनने की जल्दी नहीं हैं?

iii) क्या आप प्रोजेक्ट बनाने में मेरी मदद कर सकते हैं?

**प्रश्न.8) नीचे दिए गए सही विधानों के सामने सही और गलत विधानों के सामने गलत ।** **(2)**

i) जुम्मन भैया के जीप के पहिए त्रिकोणी थे।

ii) पुराने समय मेम् झंडे वृक्षों की छाल या जीव-जंतुओं की खाल आदि से बनाए जाते थे।

iii) वसंत ऋतु में कुहू तान कोकिला छेड़ती है।

iv) प्राचीन समय में मिस्र में दासों को खरीदा और बेचा जाता था।

**प्रश्न.9) नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर लिखिए।** **(2)**

i) किसकी हवेली बहुत बड़ी है?

क) जिज्जी की  ख) चंदा मामा की

ग) बुआ की  घ) सबकी

ii) कावेरी नदी को .................... के नाम से भी पुकारा जाता है।

क) गंगा  ख) भागीरथी

ग) सदानीरा  घ) सुरसरि

## खण्ड 'घ' (लेखन)

**प्रश्न.10) अपनी दादी माँ को जन्मदिन की बधाई देते हुए पत्र लिखिए।** **(5)**

**प्रश्न.11) आपका कलर बॉक्स विद्यालय के मैदान में खो गया है, इस बात की जानकारी सभी छात्रों को सूचित करने के लिए सूचना बनाइए।** **(5)**

**प्रश्न.12) नीचे दिए गए किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए।** **(5)**

मेरा प्रिय त्योहार

वर्षा ऋतु

**प्रश्न.13) नीचे दिए गए चित्र का वर्णन शब्दों की सहायता से करें।** **(5)**

| |
|---|
| बंदर, मगरमच्छ, तालाब, आम का पेड़, गर्मी का मौसम, जंगल, मीठे आम, कलेजा पेड़ पर रह जाना, मगरमच्छ की पत्नी का बंदर के कलेजा खाने की इच्छा प्रकट होना। |



.....................................................................................................